जे बी अकादमी

मूल्यांकन पत्रक **2023-24**

विषय**-** हिन्दी संस्कृत**,** कक्षा**-** सात

समय: दो घण्टे पूर्णाङ्क :50

नाम : अनुक्रमांक:

हस्ताक्षर :

- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है ।
- स्वच्छता एवम् वर्तनी शुद्धि का ध्यान रखें।

<u>व्याकरण खण्ड</u>

प्रश्न 1. अपठित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नो के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिये:- **(5)** सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी पोल खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेफ़िक्र होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं,उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है,अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

(क) दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं?

(अ) अच्छे काम करके (ब) दूसरों की प्रशंसा करके

(स) दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके (द) दूसरों के काम में सहयोग करके

(ख) दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता।

(अ) बुरा काम करना (ब) किसी की प्रशंसा सुनना

(स) संगीत सुनना (द) किसी के घर जाना

(ग) दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि,

(अ) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है। (ब) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।

(स) वे किसी का साथ नहीं देते हैं। (द) वे सबको सम्मान देते हैं।

(घ) मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?

(अ) समाज की (ब) परिवार की (स) राज्य की (द) शरीर की

(ङ) "पोल खुलना' का अर्थ है

(अ) रंग उतरना (ब) असलियत का पता चलना (स) भेद प्रकट न करना (द) चमकना

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें : (5)

रंग-रंग के रूप हमारे, अलग-अलग है क्यारी-क्यारी
लेकिन हम सबसे मिलकर ही इस उपवन की शोभा सारी
एक हमारा माली हम सब, रहते नीचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के।।
सूरज एक हमारा, जिसकी किरणें उसकी कली खिलातीं,
एक हमारा चाँद, चाँदनी जिसकी हम सबको नहलाती।
मिले एकसे स्वर हमको हैं, भ्रमरों के मीठे गुंजन के
हम सब सुमन एक उपवन के।।

काँटों में मिलकर हम सबने, हँस-हँस कर है जीना सीखा,
एक सूत्र में बँधकर हमने, हार गले का बनना सीखा।
सबके लिए सुगन्ध हमारी हम सिंगार धनी निर्धन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

(क) उपवन की शोभा किस बात में है ? (सही उत्तर छाँटकर लिखिए)

(अ) एक जैसा रंग-रूप होने में

(ब) अलग-अलग रंग-रूप और अलग-अलग क्यारियाँ होने में

(स) कोई भी विशेषता न होने में

(द) एक जैसी क्यारियाँ होने में

(ख) 'मिले एकसे स्वर हमको हैं'-का भाव है-

(अ) सब एक जैसी बात बोलते हैं (ब) सबके विचारों में एकता है
(स) सब एक जैसी उल्टी-सीधी बात बोलते हैं (द) सब जो चाहे बोल देते हैं

(ग) 'काँटों में मिलकर हँस-हँस कर है जीना सीखा' -में काँटे किसे कहा गया है ?
(अ) पूलों के पास उगे काँटे (ब) खेतों के रास्तों में उगे काँटे
(स) जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाएँ (द) पाँव में चुभे हुए काँटे

(घ) 'एक सूत्र में बँधकर हमने हार गले का बनना 'सीखा' का भाव है
(अ) एक धागे में बाँधकर हार बनाना (ब) एकता का पालन करके प्रेम से रहना
(स) गले का हार बनाना (द) एकता का जीवन

(ड) 'हम सब सुमन एक उपवन के'-कवि ने किसे कहा है ?
(अ) एक बगीचे के फूलों को (ब) एक बस्ती में रहने वालों को
(स) एक देश में प्रेमपूर्वक रहने वालों को (द) भेदभाव फैलाने वालों को

प्रश्न 3. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दें - **(6)**
क) **<u>काली चींटियों</u> सी** कतारें धूमिल हो रही हैं। रेखांकित शब्द मे विशेषण भेद बताएँ -.....
ख) कोनेवाले घर मे एक **<u>सन्दूक पर</u>** दिया जलाए दादी माँ बैठीं थीं। रेखांकित शब्दों मे कारक भेद बताएँ -.....
.....
ग) रेखांकित शब्दों के विलोम से रिक्त स्थान भरें -
अ)मिठाईवाले का स्वर रोहिणी के लिए **<u>परिचित</u>** था .....नहीं।
ब) **<u>स्वस्थ</u>** व्यक्ति रक्तदान कर सकता है, ...व्यक्ति नहीं ।

घ) सन्धि विच्छेद करें –सूर्योदय .....+....., इच्छानुसार ----------+.....
ङ) अस्थिर शब्द मे उपसर्ग है .....व प्राकृतिक शब्द मे .....प्रत्यय है।
च) किसान का पर्याय.....है और पर्वत का .....।

प्रश्न 4. किसी एक विषय पर अपने विचार लिखें – (80-100 शब्दों मे) **(4)**
रक्तदान जीवनदान , बदलता खानपान और हमारा स्वास्थ्य , परिश्रम का महत्त्व , खेलकूद का महत्त्व

साहित्य खण्ड

प्रश्न १. पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें- **(4)**

माता बनने से पहले यदि हम इन्हे बेटियों के रूप मे देख लें तो क्या हर्ज है ? और थोड़ा आगे चलिए इन्ही में अगर हम प्रेयसी की भावना करें तो कैसा रहेगा ? ममता का एक और धागा भी है, जिसे हम इनके साथ जोड़ सकते हैं। बहन का स्थान कितने कवियों ने इन नदियों को दिया होगा? एक दिन मेरी भी भावना ऐसी हुई थी। मन उचट गया था, तबीयत ढीली थी।सतलुज के किनारे जाकर बैठ गया। दोपहर का समय था पैर लटका दिए पानी मे थोड़ी ही देर मे उस प्रगतिशील जल ने असर डाला। तन और मन ताज़ा हो गए मैं गुनगुनाने लगा।

क) लेखक नदियों को किस किस रूप मे देखना चाहता है ?

ख) कहाँ बैठकर लेखक को शांति मिली

?---

घ) एक –एक पर्यायवाची शब्द लिखें –

नदी ……, माता……

प्रश्न 2. पठित काव्यांश के आधार पर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दें- **(4)**

हम पंछी उन्मुक्त गगन के पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक- तीलियों से टकराकर पुलकित पंख टूट जाएँगे।
हम बहता जल पीनेवाले मर जाएँगे भूखे- प्यासे,
कहीं भली है कटुक- निबौरी dud dV¨jh dh मैदा से।
क) पक्षी कैसे पिंजरे मे बंद हैं?

ख) कहाँ बैठकर लेखक को शांति मिली

?---

ङ) अर्थ लिखें – कटुक ----------कनक ----------

प्रश्न 3 अति लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार उत्तर लिखें –

1) सही ✓ ग़लत ☒ का निशान लगायें- **(1)**

क) एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर मे पाँच लीटर रक्त होता है । सही/गलत?.....

ख) मुरलीवाले के पास पूरी सत्तावन मुरलियाँ थीं । सही /गलत ?----------

2) रिक्त स्थान भरें- **(1)**

क) मिठाईवाला एक पैसे मे ------गोलियाँ देता था । (16,18,25)

ख) एक समय मे किसी व्यक्ति से ----------मिलीलीटर रक्त ही लिया जा सकता है । (300, 400, 500)

3) किसने किससे कहा? **(1)**

क)" बिटिया की शादी है आप दया न करेंगी तो उस बेचारी का निस्तार कैसे होगा?" किसने किससे कहा?

.....ने…….....से।

प्रश्न 5 लघूत्तरीय प्रश्न **(2)**

क) शाम एक किसान कविता मे शाम के दृश्य और किसान मे समानता दिखाने के लिए बताई गई कोई दो एकरूपताएँ लिखें ।

ख) कहाँ बैठकर लेखक को शांति मिली

?---

प्रश्न 6. दीर्घोत्तरीय प्रश्न – तीनों प्रश्नों के उत्तर दें । **(2+2+2)**

क) मिठाईवाले का दुख क्या था ? उसने अपने दुख से उबरने के लिए क्या किया?

ख) कहाँ बैठकर लेखक को शांति मिली

?---

ख) कहाँ बैठकर लेखक को शांति मिली

?----------

ख) कहाँ बैठकर लेखक को शांति मिली

<u>संस्कृत खण्ड</u>

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें- (2)

मूषक: .....वृषभ:.....,ललना…….....उद्यानम…….....

प्रश्न 2. रिक्त स्थान पर आकारान्त स्त्रीलिंग कर्ता भरें- **(1)**

अ).....चरति।

ब).....विकसति।

प्रश्न 3. क्रियाओं के सामने उनकी धातु लिखें- **(1)**

1) कूदना ……

ब) नमस्कार करना……..

प्रश्न 4. हिन्दी अनुवाद करें- **(3)**

अ) रमेश: कूर्दति।……।

ब) स: नमति। ……।

स)रूप्यकम अस्ति।……..।

प्रश्न 5)संस्कृतमें अनुवाद करें- **(3)**

अ)मनुष्य झुकता है।……।

ब)फल गिरता है।.....।

स)चक्र चलता है.....।